दिन–सोमवार
दिनांक– 12 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।
संपादक– कृष्ण कुमार लाल
अवधिः– 15 मिनट
टंकक– प्रह्लाद कुमार / गोपाल कुमार

---

01. जहानाबाद के मखदुमपुर प्रखंड में वाणावर स्थित सिद्धेश्वरनाथ मंदिर में हुई भगदड़ की घटना में सात श्रद्धालुओं की मौत। सोलह लोग हुये घायल।

02. राज्य सरकार ने दरभंगा के एकमी शोभन में एम्स के निर्माण के लिए एक सौ पचास एकड़ जमीन केन्द्र सरकार को सौंपी। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा– एम्स का निर्माण शीघ्र शुरू किया जायेगा।

03. जम्मू कश्मीर के अनंतनाग में आतंकवादियों से हुयी मुठभेड़ में छपरा के लौवाकला गांव के दीपक कुमार यादव ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।

04. और, आज सावन की चौथी सोमवारी है। सुबह से ही मंदिरों और शिवालयों में जलाभिषेक के लिए भक्तों का लगा है तांता।

---

जहानाबाद के मखदुमपुर प्रखंड में वाणावर स्थित सिद्धेश्वरनाथ मंदिर में हुई भगदड़ की घटना में सात श्रद्धालुओं की मौत हो गयी है। इस हादसे में सोलह लोग घायल हो हुए हैं। जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय ने बताया कि मृतकों में पांच महिला और दो पुरूष शामिल हैं। जहानाबाद के पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह ने कहा कि रात लगभग एक बजे स्थानीय विक्रेताओं और श्रद्धालुओं के बीच किसी मुद्दे पर विवाद के बाद यह घटना घटी। उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर काफी संकरी जगह पर स्थित है और भगदड़ के कारण भीड़ नियंत्रण से बाहर हो गयी। इधर, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री श्री कुमार ने मृतकों के निकटतम परिजनों को चार–चार लाख रूपये और घायलों को पचास–पचास हजार रूपये अनुग्रह अनुदान देने की घोषणा की है। इधर, रोहतास के सासाराम–चौसा पथ पर बक्सर से गंगाजल लेकर गुप्ता धाम जा रहे छह कांवरियां एक अनियंत्रित वाहन की चपेट में आने से घायल हो गये हैं। सभी घायलों का सासाराम सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है।

---

कटिहार के बलरामपुर थाना क्षेत्र के शहीपुर इलाके में एक वाहन के अनियंत्रित हो जाने के कारण सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गयी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

————————————————————————————

जम्मू कश्मीर के अनंतनाग में आतंकवादियों से हुयी मुठभेड़ में सारण जिले के दीपक कुमार यादव ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। वे सेना में हवलदार पद पर तैनात थे। छपरा के लौवाकला गांव के निवासी थे। पटना हवाई अड्डे पर सेना और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने शहीद सैनिक के पार्थिव शरीर पर श्रद्धांजलि अर्पित की। पार्थिव शरीर गांव पहुंचने पर अंतिम दर्शन के लिए लोग उमड़ पड़े। लोगों ने नम आंखों से शहीद की अंतिम विदाई दी।

————————————————————————————

राज्य सरकार ने दरभंगा के एकमी शोभन में एम्स के निर्माण के लिए एक सौ पचास एकड़ जमीन केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को सौंप दी है। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि परियोजना के लिए बाकी बचे सैंतीस दशमलव इकतीस एकड़ जमीन अगले सप्ताह केन्द्र सरकार को सौंप देगी। श्री पांडेय ने कहा कि दरभंगा में एम्स का निर्माण शीघ्र शुरू किया जायेगा। गौरतलब है कि पटना के बाद दरभंगा का एम्स राज्य का दूसरा एम्स होगा।

————————————————————————————

केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि हथकरघा और हस्तशिल्प की घरेलू बिक्री और निर्यात बढ़ाने के लिए विभिन्न पहल की जा रही हैं। नई दिल्ली में हैंडलूम एक्सपो का दौरा करने के बाद उन्होंने कहा कि अब हथकरघा कारीगरों को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी के साथ जोड़ा जा रहा है ताकि वे नए डिजाइन पेश कर सकें। श्री गिरिराज सिंह ने कहा कि हथकरघा क्षेत्र में पैंतीस लाख से अधिक परिवार काम कर रहे हैं।

———बाईट———

पूरे देश के अंदर लाखों करोड का अनअर्गनाइज सेल हो रहा है। अब इन्हें हम अलग–अलग डिजाइन, अलग–अलग कपडे की ओर ले जा रहे हैं। मुझे पूरा विश्वास है, आने वाले दिन में हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट उन ऊंचाईयों पर जाएगा। क्योंकि पूरी दुनिया का 90 प्रतिशत हिस्सेदारी भारत में है।

हर घर तिरंगा अभियान के तहत केन्द्रीय मंत्री ने कारीगरों को राष्ट्रीय ध्वज वितरित किए और सभी से इस अभियान में भाग लेने की अपील की।

———————————————————————————————

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने आज पूरे देश में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ एक सामूहिक रूप से प्रतिज्ञा लेने का कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान, केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने आज नई दिल्ली में शपथ दिलाई। अपने संबोधन में श्री कुमार ने कहा कि अब तक ग्यारह करोड़ लोग इस अभियान का हिस्सा बन चुके हैं।

———बाईट———

हमारे देश के सभी जिले इस नशा मुक्त भारत अभियान का हिस्सा बन गए और अभी तक लगभग तीन दशमलव 55 युवा और दो दशमलव 35 करोड महिलाएं, तीन दशमलव चार लाख शैक्षणिक संस्थाएं और 11 करोड से ज्यादा लोग इस अभियान का हिस्सा अभी तक बन चुके हैं। जिस तरह से नशे के कारोबारी शैक्षणिक संस्थाओं को अपना केंद्र बना रहे हैं, सरकार तत्परता से कदम उठा रहा है।

———————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की पच्चीस तारीख को आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ तेरहवीं कड़ी होगी। कार्यक्रम के लिये लोगों से विचार और सुझाव टोल फ्री नम्बर– **एक आठ शून्य शून्य एक एक सात आठ शून्य शून्य** पर आमंत्रित हैं। नरेन्द्र मोदी ऐप या माई जीओवी ओपन फोरम पर भी विचार साझा किए जा सकते हैं। विचार और सुझाव इस महीने की तेईस तारीख तक स्वीकार किए जाएंगे।

———————————————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने इंटर और मैट्रिक वार्षिक परीक्षा दो हजार पच्चीस में शामिल होने वाले छात्रों का डमी एडमिट कार्ड जारी कर दिया है। समिति ने

कहा है कि डमी एडमिट कार्ड में किसी प्राकर के त्रुटी में सुधार के लिए ऑनलाइन आवेदन विभाग की पोर्टल पर चौदह अगस्त तक किया जा सकता है।

———————————————————————————

आज सावन की चौथी सोमवारी है। विभिन्न जिलों से हमारे संवाददाताओं ने बताया कि शिव मंदिरों में सुबह से ही जलाभिषेक के लिए भक्तों का तांता लगा है। पूरा वातावरण शिव भजन और बोलबम के जयकारों से गुंजायमान है।

———म्यूजिक———

मुजफ्फरपुर के बाबा गरीब नाथ, सोनपुर के हरिहर नाथ, पूर्वी चंपारण के अरेराज मंदिर, पटना के बैकटपुर धाम, रोहतास के गुप्ताधाम, जहानाबाद के वाणावर, लखीसराय के अशोकधाम और मधेपुरा के सिंघेश्वर स्थान समेत प्रदेश के विभिन्न मंदिरों और शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। भागलपुर के सुल्तानगंज में बड़ी संख्या में कांवरिया उत्तरवाहिनी गंगा का जल उठाने के लिये पहुंच रहे हैं। ये कांवरियां एक सौ पांच किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर झारखंड के देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक करेंगे। इधर, मंदिरों और उसके आस–पास श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। कई जिलों में मंदिरों के आस–पास मुख्य सड़कों पर भारी वाहनों का परिचालन रोक दिया गया है।

———म्यूजिक———

———————————————————————————

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र में भारी वर्षा के चलते गंगा, गंडक, बूढी गंडक, बागमती, महानंदा और कोसी समेत विभिन्न नदियों के जलस्तर में लगातार वृद्धि हो रही है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर पटना के दीघा घाट में तेईस सेंटीमीटर, गांधी घाट में बयासी सेंटीमीटर और हाथीदह में लाल निशान से चौंसठ सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। वहीं, भागलपुर के कहलगांव में भी गंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से उनतालीस सेंटीमीटर ऊपर बना हुआ है। सोन नदी का जलस्तर पटना के मनेर में खतरे के निशान के आस–पास बना हुआ है। उधर, गंडक नदी गोपालगंज के डुमरियाघाट में बाईस सेंटीमीटर, बूढ़ी गंडक नदी का जलस्र खगड़िया में खतरे के निशान से पचहत्तर सेंटीमीटर ऊपर जबकि कमला बलान मधुबनी के झंझारपुर में तथा परमान नदी अररिया में खतरे के निशान के आस–पास बना हुआ

है। बागमती नदी का जलस्तर सीतामढ़ी रून्नीसैदपुर और मुजफ्फरपुर के बेनीबाद में खतरे के निशान को पार कर गया है। कोसी नदी खगड़िया के बलतारा में खतरे के निशान से एक सौ पच्चीस सेंटीमीटर तथा कटिहार के कुर्सेला में लाल निशान से इकहत्तर सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। परमान नदी का जलस्तर अररिया में खतरे के निशान से बत्तीस सेंटीमीटर ऊपर बनी हुई है।

सुपौल में कटाव के कारण कई गांव कोसी नदी में समा गये हैं। एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

जिले के किशनपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मौजहा पंचायत में अब तक 200 से अधिक घर कटाव के वजह से कोसी नदी में समा चुके हैं। जबकि जिले के पांच प्रखंड सुपौल सदर, किशनपुर, सरायगढ़–भपटियाही, मरौना और निर्मली में हजारों एकड़ में लगी फसल भी बाढ़ के पानी में जलमग्न होकर खराब हो चुकी हैं। इसी बीच आज शाम 4 बजे तक कोसी बराज से 2 लाख 9 हजार 965 क्यूसेक पानी बढ़ते क्रम में छोड़ा गया है। वहीं नेपाल के जल अधिग्रहण क्षेत्र बराह से एक लाख 49 हजार 75 क्यूसेक पानी  छोड़ा गया है। आकाशवाणी समाचार के लिए सुपौल से रविशंकर चौधरी।

गंगा नदी में उफान के कारण भागलपुर के निचले इलाकों में बाढ़ का पानी तेजी से फैल रहा है।

–––बाईट–––

भागलपुर जिले के नाथनगर में गंगा नदी प्रखंड अंतर्गत रत्तीपुर बैरिया, अजमेरीपुर, शंकरपुर बिंद टोली, सहित आसपास के निचले इलाकों में फैल रहा है। वहीं सबौर, कहलगांव के दियारा वाले इलाके में भी बाढ़ का खतरा उत्पन्न हो गया है। लोग बाढ़ के संभावित खतरे को लेकर ऊंचे स्थानों पर शरण ले रहे हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए भागलपुर से विनोद कुमार।

बक्सर में गंगा नदी का जलस्तर घटने से लोग राहत महसूस कर रहे हैं। हमारे संवाददाता ने बताया है कि प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़ से जुडी बीमारियों को देखते हुये स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट किया गया है।

–––बाईट–––

बक्सर जिले में गंगा नदी का जलस्तर घटने से फिलहाल बाढ़ से राहत है। जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने बताया कि पानी के उतरने के बाद दियारा इलाकों में उत्पन्न होने वाली बीमारियों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट कर दिया गया है। बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में ब्लीचिंग पाउडर के छिड़काव का भी निर्देश दिया गया है। आकाशवाणी समाचार के लिए बक्सर से शशांक शेखर।

खगड़िया में बाढ़ प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। हमारे संवाददाता ने खबर दी है कि जिला प्रशासन जलस्तर पर निगरानी रख रहा है।

–––बाईट–––

बाढ से घिरे गांवों तक आवागमन को लेकर नाव का परिचालन कराने के भी निर्देश दिए हैं। गोगरी की अनुमंडल पदाधिकारी सुनंदा कुमारी ने बताया कि फिलहाल जिले के सारे तटबंध सुरक्षित हैं और नदी के बढ़ते जलस्तर पर निगरानी रखी जा रही है। गंगा के जलस्तर में हुई बढ़ोतरी से गंडक नदी के जलस्तर में भी बढ़ोतरी हुई है, जिस कारण खगड़िया प्रखंड के कई तटवर्ती गांव से सटे दियारा इलाके पानी से घिर गए हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए खगड़िया से प्रभात सुमन।

———————————————————————————————

पूरे प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता बनी हुयी है। राज्य के कटिहार, सीतामढ़ी और नवादा जिले में एक दो स्थानों पर भारी बारिश दर्ज की गयी। पिछले चौबीस घंटो के दौरान कटिहार के कुर्सेला में सबसे अधिक चौरासी दशमलव छह मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के किशनगंज, अररिया, पूर्णियां, कटिहार, कैमूर, गया और औरंगाबाद जिले के एक–दो स्थानों पर भारी बारिश की सम्भावना है।

———————————————————————————————

भारतीय ओलिम्पिक संघ की अध्यक्ष पी टी ऊषा ने विनेश फोगाट की अयोग्यता के मामले पर भारतीय ओलिम्पिक संघ की चिकित्सीय टीम का बचाव किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय दल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर दिनशॉ पारदीवाला को पेरिस ओलिम्पिक में महिलाओं के पचास किलोग्राम भार वर्ग की फाइनल स्पर्धा से भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट को अयोग्य ठहराये जाने के लिए जिम्मेदार नहीं माना जाना चाहिए। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

आई ओ ए ने कल एक वक्तव्य में कहा कि कुश्ती, मुक्केबाजी और जूडो जैसे खेल के मुकाबले में वजन प्रबंधन की जिम्मेदारी प्रत्येक एथलीट और उनकी निजी कोचिंग टीम की होती है। आई ओ ए ने स्पष्ट किया कि डॉक्टर दिनशॉ पारदीवाला की मुख्य भूमिका स्पर्धाओं के दौरान और उसके बाद एथलीटों के चोट प्रबंधन और उसकी रिकवरी में मदद करने की थी। इससे पहले 50 किलोग्राम कुश्ती स्पर्धा में विनेश फोगाट का वजन थोडा अधिक होने के कारण उन्हें फाइनल से ठीक पहले अयोग्य घोषित कर दिया गया। बाद में उन्होंने खेल पंचाट न्यायालय में अपनी ओलिम्पिक में अयोग्यता के विरूद्ध अपील की और 50 किलोग्राम भार वर्ग में संयुक्त रजत पदक की मांग की। इस मामले में न्यायालय का अंतिम फैसला कल आने की संभावना है। समाचार कक्ष से शक्ति सिंह।

———————————————————————————————

गोपालगंज जिले के विशम्भरपुर थाना क्षेत्र के सिपाया स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज में जूनियर और सीनियर छात्रों के बीच वीडियो बनाने को लेकर हुये विवाद में एक

सीनियर छात्र ने जूनियर छात्र पर चाकू से हमला कर दिया। सदर एसडीपीओ प्रांजल ने बताया कि इस मामले में एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

मधेपुरा पुलिस पर फायरिंग करते हुए भाग रहे पचास हजार रूपये के एक इनामी अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया। एसपी संदीप सिंह ने बताया कि उसके पास से कट्टा और कारतूस भी जब्त किया गया है।

---

01. जहानाबाद के मखदुमपुर प्रखंड में वाणावर स्थित सिद्धेश्वरनाथ मंदिर में हुई भगदड़ की घटना में सात श्रद्धालुओं की मौत। सोलह लोग हुये घायल।

02. राज्य सरकार ने दरभंगा के एकमी शोभन में एम्स के निर्माण के लिए एक सौ पचास एकड़ जमीन केन्द्र सरकार को सौंपी। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा– एम्स का निर्माण शीघ्र शुरू किया जायेगा।

03. जम्मू कश्मीर के अनंतनाग में आतंकवादियों से हुयी मुठभेड़ में छपरा के लौवाकला गांव के दीपक कुमार यादव ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।

04. और, आज सावन की चौथी सोमवारी है। सुबह से ही मंदिरों और शिवालयों में जलाभिषेक के लिए भक्तों का लगा है तांता।

---

समाप्त